प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 25.02.2026 समय : 09:00 ए.एम.

..........................

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अध्यक्षता में आज राज्य केबिनेट की बैठक होगी।
- प्रदेश में 25 मई से वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का दूसरा चरण शुरू होगा।
- केन्द्र सरकार देशभर में विशेष एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू करेगी–सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 14 साल की आयु की लडकियों को टीके लगाये जायेंगे।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यों को 31 मार्च तक किसान कल्याण के लिए आंवटित धनराशि का शत प्रतिशत उपयोग करने पर जोर दिया है।

..........................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अध्यक्षता में आज राज्य केबिनेट की बैठक होगी। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अजमेर दौरे की तैयारियों की समीक्षा की जायेगी। इसके अलावा पंचायत निकाय चुनावों से जुडे कुछ अहम फैसले भी किये जा सकते है। इसके साथ ही विधानसभा में पेश होने वाले नये विधेयकों पर भी चर्चा संभव है। ये बैठक मुख्यमंत्री कार्यालय की जगह विधानसभा सचिवालय स्थित मंत्रिमंडल कक्ष में होगी।

..........................

राज्य विधानसभा में आज नगरीय विकास और आवासन तथा स्वायत्त शासन विभाग से जुडी अनुदान मांगों पर विचार होगा। विधानसभा की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी। इसके बाद विधायक मोतीराम, छोटूसिंह और चन्द्रभान सिंह की ओर से सिरोही जैसलमेर और अजमेर से जुडे विभिन्न विषयों के बारे में संबंधित मंत्रियों के लिये ध्यानआकर्षण प्रस्ताव रखे जायेंगे। सदन के पटल पर आज कई वार्षिक प्रतिवेदन और लेखे भी रखे जायेंगे और विभिन्न समितियों की रिपोर्ट और याचिकाओं का उपस्थापन भी किया जायेगा।

..........................

केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने जल संचय जन भगीदारी अभियान 2.0 के तहत बारिश के पानी का पर्याप्त संचयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने राजस्थान के सभी जिलों और शहरी स्थानीय निकायों से पानी बचाने के कामों को प्राथमिकता देते हुए इसमें जनभागीदारी बढाने का आह्वान किया है। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री कल नई दिल्ली से जल संचय जन भागीदारी 2.0 की प्रगति पर आयोजित वर्चुअल बैठक में बोल रहे थे। बैठक में श्री पाटिल ने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र में पानी लाने के लिए यमुना जल समझौते की डीपीआर का काम अंतिम चरण में है। बैठक में मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अभियान के पहले चरण में राजस्थान की उपलब्धियां बतायी। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार **वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान** के दूसरे चरण की शुरूआत गंगा दशहरा 25 मई से करने जा रही है। ये अभियान 5 जून पर्यावरण दिवस तक चलेगा।

..........................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल कोटा में सुपोषित मां अभियान कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित कर उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। श्री बिरला ने कहा कि ये अभियान आने वाली पीढी को सशक्त और कुपोषण मुक्त बनाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मां और स्वस्थ शिशु से ही समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव है।

..........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दो दिन की इजराइल यात्रा पर रवाना होंगे। श्री मोदी की यह दूसरी इजराइल यात्रा होगी। वे इजरायल के प्रधानमंत्री बेंन्यामिन नेतन्याहू के साथ बैठक करेंगे। जिसमें भारत–इजराइल रणनीतिक साझेदारी में हुई महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा की जाएगी। वे विज्ञान प्रौद्योगिकी, नवाचार, रक्षा, कृषि, जल प्रबंधन, व्यापार और अर्थव्यवस्था सहित कई क्षेत्रों में सहयोग पर बातचीत करेंगे। बैठक में पारस्परिक हित के क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर भी विचार–विमर्श किए जाने की उम्मीद है। इजराइल में भारत के राजदूत जे पी सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी इजराइल

की संसद को भी संबोधित करेंगे। वे इजराइली संसद को संबोधित करने वाले पहले भारतीय नेता होंगे।

श्री मोदी कल इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्ज़ोग से मुलाकात करेंगे।

..........................

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **सेवा तीर्थ** को संवेदनशील, जवाबदेह और जन–केंद्रित शासन का वैश्विक उदाहरण बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई है। कल केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में प्रेस वार्ता में बताया कि सेवा तीर्थ में हुई मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ये संकल्प लिया गया। उन्होंने बताया कि इस सेवा संकल्प प्रस्ताव के अनुसार 2047 तक भारत को समृद्ध, सक्षम और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की दिशा में सेवा तीर्थ परिसर राष्ट्रीय आकांक्षाओं का सशक्त केंद्र बनेगा।

..........................

केन्द्र सरकार देशभर में विशेष एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू करने जा रही है। राष्ट्रव्यापी ह्यूमन पैपिलोमावायरस–एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 14 साल तक की आयु की लड़कियों को टीका लगाया जायेगा। महिलाओं के स्वास्थ्य को मजबूत करने और देश में कैंसर की रोकथाम तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य यात्रा के लिए इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस साल लगभग 1 करोड़ 15 लाख से अधिक बालिकाओं को ये टीका लगाया जायेगा।

..........................

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 31 मार्च तक किसानों के कल्याण के लिए राज्यों को आवंटित धनराशि का शत प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कल नई दिल्ली में कई राज्यों के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में यह बात कही। बैठक में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और कृषि उन्नति स्कीम की प्रगति की समीक्षा की गई। कृषि मंत्री ने कहा कि जमीनी स्तर पर किसानों तक लाभ पहुंचाने के लिए केंद्रीय निधियों का समय पर कुशल उपयोग जरूरी है। श्री चौहान ने दोहराया कि प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत केंद्र सरकार किसानों को ठोस मूल्य समर्थन प्रदान कर रही है। रबी फसल के लिए मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे राज्यों में मूल्य समर्थन योजना के तहत चना, सरसों और मसूर की बड़े पैमाने पर खरीद को मंजूरी दी गई है।

..........................

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में अब गर्मी ने असर दिखाना शरू कर दिया है। बीते 24 घंटों में 26 जिलों में दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। वहीं सबसे ज्यादा 36 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस तापमान बाडमेर में रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग के अनुसार बाडमेर के अलावा बीकानेर, जालोर, पाली, झुंझुनूं, करौली, डूंगरपुर, नागौर, जैसलमेर और जोधपुर सहित कई स्थानों पर तापमान में बढोतरी से दिनभर गर्मी का एहसास बना रहा। इस बीच दौसा सहित कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई। राजधानी जयपुर में भी बादल छाये रहे और हवायें चली। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार **28 फरवरी और 1 मार्च से प्रदेश में** एक नया कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार है। इसके असर से दक्षिणी पूर्वी भागों में आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे।

.....

..........................